हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | ]

### 12500 अंकों के सर्वे में नांदगांव को मिले 10553 नंबर

## सफाई के स्तर में आया सुधार, स्वच्छता सर्वे में मिला 14वां रैंक, पिछले साल 79वें पर थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में पचास हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों में राजनांदगांव नगर निगम को 14वां रैंक हासिल हुआ है। वहीं इस श्रेणी में राजनांदगांव प्रदेश में पहले स्थान पर है। खास बात यह है कि पिछले एक साल के दरमियान सफाई के स्तर में सुधार के चलते करीबन 65 पायदान का उछाल इस बार के परिणाम में देखने को मिला है। पिछले साल राजनांदगांव सर्वेक्षण में देशभर में 79वें रैंक पर था। इस बार सर्वे के दौरान राजनांदगांव ननि को 12500 में 10553 अंक मिले। जिसमें ओडीएफ में 1000 एवं जीएफसी में 800 अंक।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के वार्षिक स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए हैं। इस सर्वेक्षण में कचरा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था, नागरिकों की भागीदारी और शौचालयों की स्थिति जैसे कई मापदंडों पर शहरों का मूल्यांकन किया जाता है। सरकार के मुताबिक 'स्वच्छ सर्वेक्षण' मिशन का मकसद बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही इससे समाज के सभी वर्गों के बीच कस्बों और शहरों को रहने के लिए बेहतर स्थान बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। नौवें वर्ष में प्रवेश करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और सेवा वितरण का मूल्यांकन किया। इसमें 10 मापदंडों और 54 संकेतकों का इस्तेमाल करते हुए 4,500 से अधिक शहरों को कवर किया गया।




### जनता-कर्मियों को बधाई



सफाई कर्मचारी एवं जनता की मेहनत एवं सहभागिता से शहर को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस सफलता के लिए सभी बधाई के पात्र हैं। आने वाले समय पर शहर को टॉपटेन में लेकर जाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। - **मधुसूदन यादव,** महापौर

### प्रदेश में सबसे आगे नांदगांव

राजनांदगांव नगर निगम 50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की सूची में 14वां स्थान पर रहा। वहीं प्रदेश में इस श्रेणी के बाकी सभी शहर राजनांदगांव से पीछे रहे, जहां राजनांदगांव 14वें रैंक में था। वहीं जगदलपुर 15वें और भिलाई चरोदा 19वें स्थान पर रहा। इस श्रेणी में मध्यप्रदेश के देवास ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।

## तेंदुआ ने बछड़ा का किया शिकार, विभाग अलर्ट

**लगातार जिले में बढ़ रही है वन्य जीवों की गतिविधि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में वन्य जीवों की लगातार बढ़ती गतिविधियों के बीच बुधवार देर रात अंबागढ़ चौकी नगर के समीपस्थ ग्राम पांगरी में एक किसान के बछड़े को तेंदुआ द्वारा शिकार करने का मामला सामने आया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार देर रात मानपुर विकासखंड के कोहका थाना अंतर्गत आमाकोड़ो जंगल में एक जोड़ी जंगली हाथी के महाराष्ट्र की ओर से प्रवेश हुआ था, जो रातों-रात जिले का बॉर्डर क्रॉस कर बस्तर-कांकेर जिले की ओर आगे बढ़ गए हैं। इसी तरह 9 जुलाई को अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम आटरा में जंगल से भटककर तेंदुआ एक किसान की बाड़ी में पूरी रात दुबका रहा। इन सब घटनाक्रम के बीच जिले के फॉरेस्ट अमला वन्य जीवों को लेकर अलर्ट मोड पर ही था। इसी दौरान ग्राम पांगरी में किसान जयराम यादव के घर बाड़ी में एक तेंदुआ ने बछड़ा का बीती रात शिकार कर दिया है। बताया गया कि तेन्दुआ ने सिर का हिस्सा छोड़कर पूरा बछड़ा को अपने हलक में ले लिया है। अज्ञात तेंदुआ का घटनास्थल पर पद मार्ग भी मिला है।



### कराई जा रही मुनियादी

पांगरी गांव में एक किसान के बछड़े को तेन्दुआ ने शिकार किया है। जिसको लेकर विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। पांगरी के आसपास के गांव में मुनियादी कराई जा रही है। - **महेंद्र सिरदार,** एसडीओ फॉरेस्ट अंबागढ़ चौकी






## खबर संक्षेप

### ढोल बाजे के साथ किया लोकल ट्रेन का स्वागत



**डोंगरगढ़।** दैनिक रेल यात्री संघ ने लोकल गाड़ियों का पुनः संचालन शुरू होने पर स्टेशन में खुशी मनाते हुए ढोल ढमाके के साथ गोंदिया से रायपुर लोकल के ड्राइवर का स्वागत किया है। यात्रियों का भी मुंह मीठा कराया गया। संघ ने बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर सांसद संतोष पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। लोकल के चालू होने से राजनांदगांव, भिलाई एवं रायपुर जाने वाले विद्यार्थी, नौकरीपेशा सहित अन्य को राहत मिलेगी। दैनिक रेल यात्री संघ ने मांग को सही मंच पर पहुंचाने के लिए सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, परविंदर सिंह मोंटी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर दैनिक रेल यात्री संघ के सदस्यों के अलावा दीपक उके, वीरेंद्र मारोती, शिव बोरकर, उत्तम वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कॉलेज परिसर में पौधरोपण



**एलबी नगर।** स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार एवं रासेयो प्रभारी अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय परिसर में नीम, करंज, गुलमोहर, आंवला, कटहल आदि के पौधे रोपे गए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ ठाकुर ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा भी करते हैं। इस मौके पर प्राध्यापक मनोहर बोकडे, डॉ हेमलता गायकवाड, रीना सलामे, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, गुप्तेश्वर ध्रुव, मनसाराम चंद्रवंशी, गौतम रगड़े, हेमप्रकाश, हिरेंद्र, तिलक, पुनीता सहित अन्य मौजूद थे।

### आसरा में शिशु भारती का गठन



**डोंगरगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर आसरा में शिशु भारती का गठन प्रधानाचार्य भगवान दास साहू के सानिध्य में किया गया। कार्यकारिणी में सेनापति कुशाल, उप सेनापति सोहम, चांदनी, अनुशासन प्रभारी भूमिका, स्वच्छता प्रभारी भावना, एनोस, जल प्रभारी हिमांशु, खोमेन्द्र, खोया पाया विभाग पावन दास, खिलेश्वरी, खेल प्रभारी हर्षा, चिकित्सा प्रभारी दीपिका, योग प्रभारी देवकी, विनिता, सांस्कृतिक प्रभारी डकेशा, प्रार्थना प्रभारी खिलेश्वरी, भावना एवं भूमिका को बनाया गया है। इस अवसर पर आचार्य विजय साहू, संतोष मिश्रा, पालन दास, जितेश्वरी, पुष्पदेवी, दुर्गा, यामिनी, भावना, तारणी दीदी आदि उपस्थित थे।

### सेजेश के छात्रों ने दिखाया हुनर



**छुईखदान।** शालेय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग और राजनांदगांव को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला 15 जुलाई को साइंस कॉलेज मैदान दुर्ग में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में जिले की टीम ने दुर्ग को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में राजनांदगांव और केसीजी जिले की टीम के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई। मुकाबले में जिले की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। टीम के सभी खिलाड़ी सेजेस छुईखदान के हैं। यह टीम 22 जुलाई को जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इस उपलब्धि में प्रभारी सहायक, जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल तथा कोच निधि साहू, जनक साहू की अहम भूमिका रही। इस उपलब्धि पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डीईओ लालजी द्विवेदी ने टीम को बधाई दी है।

## धान की बुआई 80 फीसदी पूरी, रोपा लगाना जारी

# डबल रेट में बिक रही यूरिया खाद संकट अब तक बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

### किसानों को अब भी बारिश का इंतजार

आषाढ़ के अंतिम दिनों में झमाझम बारिश होने के बाद नदी, नाला, तालाब में पानी का बेहतर भराव हो गया है किन्तु बारिश के थम जाने से खेतों में पर्याप्त जल का भराव नहीं हो पाया है जिससे किसानों को रोपा लगाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषक बोर आदि से पानी भर कर धान का रोपाई कर रहे है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में अब तक लगभग अस्सी फीसदी बोआई हो चुकी है। धान तथा सोयाबीन की फसल बेहतर स्थिति में है। टमाटर की बोआई अंतिम चरण पर है।

सावन के रिमझिम बारिश के बीच किसान खरीफ फसलों में खाद डाल है किन्तु किसानों को सोसायटी से अब तक खाद नहीं मिल पा रही है। किसान यूरिया, डीएपी खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। किसानों को यह कह कर लौटा दिया जा रहा कि खाद आने पर दिया जाएगा। खाद नहीं मिलने का सीधा फायदा दुकानदारों को मिल रहा है। दुकानों में खाद दोगुना दाम पर बेचा जा रहा है। किसानों ने बताया कि यूरिया खाद की किल्लत ज्यादा है। दुकानों में 266 रूपए कीमत वाली यूरिया को चार से साढ़े पांच सौ तक में बेचा जा रहा है। कृषक मजबूरी में खाद खरीद कर फसल में डाल रहे हैं। सोसायटी में डीएपी खाद भी नहीं मिल रही है।



#### पंजीयन कराना अनिवार्य

एग्री स्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत सभी किसानों को फार्मर आइडी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। सोसायटी के पंजीकृत किसानों को आधार नंबर, कृषि भूमि की जानकारी, फसल आदि की जानकारी के साथ पंजीयन कराना अनिवार्य है जिससे किसानों को धान बेचने, बीमा क्लेम, खाद, नकदी आदि की सुविधा मिलेगी। सभी सोसायटी में किसानों को इसकी जानकारी देकर पोर्टल पर फार्मर आइडी बनाना बताया जा रहा है। कुकुरमुडा अतरिया के समिति प्रबंधक रोहित साहू ने बताया कि सभी पंजीकृत किसानों को पोर्टल पर फार्मर आइडी बनाना अनिवार्य है। आइडी नहीं होने पर किसान को धान बेचने में परेशानी हो सकती है।

#### फसल बीमा 31 तक

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा किया जा रहा है। ज्यादातर किसान सोसायटी के माध्यम से फसल का बीमा करा रहे हैं। बीमा कराने की प्रक्रिया आगामी 31 जुलाई तक जारी रहेगी। कृषक धान, सोयाबीन, अरहर, मुंग, उड़द, टमाटर आदि फसल का बीमा करा सकते हैं। बीमा के लिए किसानों को बी वन, पी टू, आधार कार्ड, बैंक खाता सहित अन्य दस्तावेज जमा करना होगा।

## बंद मिला स्कूल हुई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ प्रधान पाठक कक्ष को बनाया आवास

जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने मुगलानी के सरपंच के निवेदन पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला का 16 जुलाई को निरीक्षण किया। उन्हे 2.45 बजे स्कूल में ताला लगा मिला। सरपंच ने बताया कि 11 बजे स्कूल चालू था। स्कूल बंद पाए जाने पर बीईओ से जानकारी लिया गया तो उन्होंने किसी प्रकार की जानकारी होने से इंकार किया। उन्होंने स्कूल बंद होने की जानकारी एसडीएम को देकर कार्रवाई करने कहा। उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला चारभांठा का भी निरीक्षण किया। शाला में प्रधानपाठक कक्ष तो बना है लेकिन शिक्षक नहीं है। प्रधानपाठक कार्यालय को किसी अन्य व्यक्ति को रहने दे दिया गया है जिसे तत्काल खाली कराने कहा गया। निरीक्षण के दौरान गोदावरी निषाद, तिलकाबाई, अरविंद नंदेश्वर आदि मौजूद थे।

## पड़ोसी घूरता है साहब शिकायत पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई पुलिस ने एक महिला की शिकायत के बाद पड़ोसी के खिलाफ घूरने और पीछा करने का मामला दर्ज किया गया है। 32 वर्षीय आवेदिका ग्राम कृतबांस की निवासी है। आवेदिका के मुताबिक वह 16 जुलाई को सुबह करीब 9 बजे बाड़ी में कुएं के पास नहा रही थीं, इस दौरान उसका पड़ोसी भुवनेश्वर झरिया घूर-घूर कर देख रहा था। भुवनेश्वर का घर आवेदिका के घर से लगा हुआ है। आवेदिका ने उसे देखा और टोका तो भुवनेश्वर बुदबुदाने लगा। आवेदिका ने शिकायत में यह भी बताया कि पिछले एक सप्ताह से भुवनेश्वर झरिया रोजमर्रा के कार्यों के दौरान उसका पीछा कर रहा था। इस व्यवहार से परेशान होकर घटना की जानकारी सास-ससुर और पति को दी। जिसके बाद आवेदिका अपने सास-ससुर के साथ भुवनेश्वर के घर गईं और इस बारे में बात की।इस मौके पर भुवनेश्वर ने कथित तौर पर आपत्तिजनक जवाब देते हुए मेरी आंख है मैं कहीं भी, कुछ भी देखूं, मेरी मर्जी। आवेदिका की शिकायत पर पुलिस ने धारा 77 और 78 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

### महाविद्यालय में रोपे पौधे

**डोंगरगांव।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की रासेयो इकाई ने 15 जुलाई को पौधरोपण किया। प्राचार्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय तथा छात्रावास परिसर में जामुन, आंवला, नीम, अमरूद, गुलमोहर आदि का रोपण किया गया। प्राचार्य डॉ एके धमगाए, रासेयो प्रभारी बालक डॉ. आशाराम साहू एवं प्रभारी बालिका प्रियांकी गजभिए तथा स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया।



### ट्रेनों के स्टापेज की मांग

**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने नागपुर में डीआरएम, डीसीएम आदि ने मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। साथ ही कुछ एक्सप्रेस के ठहराव के लिए मांग पत्र सौपा। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से साफ सफाई में विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हजारो तीर्थ यात्रियो का आना-जाना लगा रहता है।

## भवन पुताई में खर्च किया 13 लाख, फिर पालिका ने किया डिस्मेंटल का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मप्र में स्कूल भवन की पुताई में लाखों रूपए खर्च करने जैसा मामला यहां भी सामने आया है। पालिका मंगल भवन की मात्र पुताई करवाकर 13 लाख का आहरण किया और फिर मामले पर पर्दा डालने के लिए मंगल भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव किया है। इस खुलासे के बाद पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सीएमओ आवास के समीप स्थित मंगल भवन के जीर्णोद्धार में पालिका ने फरवरी में 13 लाख खर्च किए और मार्च भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इस मामले की शिकायत एसडीएम अभिषेक तिवारी से होने के बाद उन्होंने तहसीलदार को जांच करने का आदेश दिया है। इसके पहले विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मंगल भवन का निरीक्षण किया था। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चैहान ने ठेकेदार द्वारा अधिकारी, इंजीनियर के साथ मिलकर की गई गड़बड़ी की जानकारी विधायक श्रीमती बघेल को दी थी।



#### करना था विकसित

इस्टीमेट के अनुसार मंगल भवन को सर्व सुविधा युक्त बनाना था। स्वीकृत राशि से किचन, शौचालय आदि का निर्माण करना था। इस मामले को लेकर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ने कहा कि विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा।



#### जांच आदेश जारी

एसडीएम अभिषेक तिवारी ने 10 जुलाई को जारी आदेश में तहसीलदार अनियमितता की संपूर्ण जांच करने एवं जांच होने तक भवन को डिस्मेंटल करने पर रोक लगाने कहा है। उन्होंने मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने आदेशित किया है। जानकारी अनुसार - वर्षों पूर्व वार्ड 11 में मंगल भवन का निर्माण 25 लाख की लागत से किया गया था। तब से इस मंगल भवन का उपयोग नियमित रूप से नहीं हुआ है। नवरात्रि पर्व के दौरान पुलिस व्यवस्था के लिए इस भवन का उपयोग किया जाता है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्रतिवर्ष मंगल भवन के जीर्णोद्धार में लाखों खर्च होना बताकर बंदरबांट करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मंगल भवन के जीर्णोद्धार में 13 लाख खर्च करना बता कर मात्र पुताई कराया गया है।

## कांग्रेस ने किया बिजली दफ्तर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिजली दरों में निरंतर वृद्धि के खिलाफ गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बिजली कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन बिजली विभाग को सौंपा।

ज्ञापन में बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने, किसानों को पूर्ववत रियायती दरों पर विद्युत उपलब्ध कराने, बिलों में अनियमितता, ओवरबिलिंग की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई, बिजली कटौती को नियंत्रित करने, ब्लॉक स्तर पर स्थायी हेल्प डेस्क स्थापित करने की मांग की गई है। कांग्रेस ने मांगों के पूरा नहीं होने से चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन में ब्लॉक प्रभारी रमेश खंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, शहर अध्यक्ष अखिलेश नखत, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, सद्दाम खत्री, प्रियंक जैन, संध्या साहू, मदन साहू, महेंद्र वैष्णव, रोशन यदु, विरेंद्र बोरकर, श्रुति शुक्ला, वैशाली बोरकर, संजय मुटकुरे, सतीश वैष्णव, संजय संचेती, नरेंद्र साहू, रितेश राजपूत, लीलेश पटेल, कमलेश साहू, मंगलू राम, जीवन देवदास, कुंभ जोशी, अमित ठाकुर, पुष्पेंद्र नेताम, संदीप रत्नाकर, इंदु साहू, पुरुषोत्तम साहू, मुरली निषाद, महेंद्र भोसले, भुवाल साहू, किरित साहू, किशोर बनाफर, गौतम वर्मा, लेखूराम देवांगन, रामकुमार वैष्णव, राकेश साहू, धनेश केंवट, सुंदर साहू आदि उपस्थित थे।



## वोटरों से रूबरू हो रहे प्रत्याशी

**डोंगरगढ़।** ट्रस्ट चुनाव को लेकर दोनों पेनल के उम्मीदवारों ने दम दिखाना शुरू कर दिया है। सभी उम्मीदवार इन दिनों मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने अपील करते नजर आ रहे है।

भैय्या जी एवं सेवादल पेनल सुविधा विकास के साथ धार्मिक आयोजन, रोजगार, चिकित्सा, शिक्षा क्षेत्र में काम करने का वादा कर रहे हैं। दोनों पेनल ने अपने कार्यालय भी खोल दिया है। प्रत्याशी अब सदस्यों के घर जाकर अपने लिए वोट मांग रहे है। इस बार चुनाव प्रचार में पुरूषों के अलावा महिलाएं भी नजर आ रही हैं।

### अध्यक्ष ने रखी मांगे

# सांसद पांडेय ने किया अटल परिसर लोकार्पित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लाल बहादुर नगर में अटल परिसर का लोकार्पण एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण सासंद संतोष पांडेय ने किया। इस दौरान शाला प्रवेशोत्सव का भी आयोजन किया गया।

सासंद ने बच्चों का स्वागत करते हुए पालक एवं शिक्षकों से बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने कहा। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने सांसद के समक्ष नगर पंचायत भवन, सभी वार्डों में हाई मास्क सोलर स्ट्रीट लाइट, मंडल चौक से अटल परिसर तक ट्यूबर लाईट की मांग रखा।

इस दौरान पूर्व विधायक खेदूराम साहु, दिनेश गांधी, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, प्रशांत कोड़ापे, अनिता मंडावी, छबिधर साहु, पुष्पलता वैष्णव, वेदराम ताम्रकार, सीएमओ शैलेश पांडे, दिलीप यदु, गिरवर साहू, कैलाश ऊके, रमेश यादव, रामजी साहु, राजेश देवांगन, मृगलाल साहु, मोरध्वज साहु, रूपचंद रजक, टेकेश्वर साहु, योगेश साहु, भुपेंद्र खोब्रागढ़े, प्रीति ताम्रकार, उषा यदु, सरस्वती ढीमर, निकीता ताम्रकार, रानू साहु, रामाधीन देवांगन, वर्षा गेड़ाम, नीरज यादव, अवध साहु, राजकुमार ताम्रकार, लक्ष्मीनाथ रजक, पुष्पा सिन्हा, चेतन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिले में पुलिस की कमी का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



प्रदेश भाजयुमो के कार्यसमिति सदस्य विक्रांत चंद्राकर ने जिले में पुलिस बल की कमी को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र सौंपा है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि जिले के अधिकांश थाना में पुलिस बल का केवल 50 प्रतिशत है, जिससे कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं दुर्घटना प्रबंधन आदि कार्यों में बाधा आ रही है। उन्होंने राजमार्ग एवं हाइवे में दुर्घटनाओं से निपटने, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा कार्यों के लिए पर्याप्त पुलिस बल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आरईएस का संभागीय कार्यालय स्थापित किया करने की मांग की।

### शिव महापुराण कथा 20 से

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी की नगरी में आगामी 20 जुलाई को पांच कुंडीय रूद्र महायज्ञ, पार्थिव अभिषेक एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। श्रीमद भागवत सेवा संस्थान कोहका के मनोज पुष्प महाराज शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। आयोजन समिति क गैंदलाल वर्मा, भगवानदीन साहू, कैलाश सोनवानी, संतु साहू तथा हितेन्द्र साहू. आदि ने बताया कि 20 जुलाई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो महावीर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए बम्लेश्वरीधाम छिरपानी पहुंचेगी। यहां बेदी स्थापना, पूजन होगा। लगातार आठ दिनों तक पांच कुंडीय महायज्ञ होगा। इस दौरान धर्म महोत्सव का आयोजन भी होगा। प्रातः 6 बजे मंगलाचरण, वेदी पूजन, 9 बजे महायज्ञ आरंभ होगा। दोपहर 12 बजे महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## खैरा नवापारा पंचायत में पौधारोपण



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरानवापारा में बुधवार को पौधरोपण किया गया। अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार थे। अतिथियों ने ग्रामीणों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। लोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, सामुदायिक भवन, तालाब किनारे, बेलगांव एवं नावापारा में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। इस दौरान सरपंच प्रकाश जंघेल, दूजेराम वर्मा, एमन कुमार, बोधन सिंह, लीलाधर साहू, गोरेलाल, धनीराम जंघेल, बलदेव, जयलाल, भुवन, अश्वनी, अरविंद, रोहित, रामअवतार, ज्ञानेन्द्र, जमरूद्दीन, दीपचंद, माखन जागड़े, रघुनंदन वर्मा, केजू वर्मा, लालचंद वर्मा, श्यामलाल, कमलेश, खिलेश सुकदेव, धनीराम, बुधार केंवट, हिरामन सेन, लाल बहादूर जांगड़े सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### बोरतलाव, कहुवापानी में पेड़ों की कटाई

**डोंगरगढ़।** उत्तर बोरतलाव अंतर्गत आने वाले कहुवापानी जंगल से पेड़ों की लगातार अवैध कटाई हो रही है। यहां विभिन्न प्रजाति के अलावा सागौन के पेड़ भी काटे जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जानकारी के अनुसार कहुवापानी के जंगल में लंबे समय से पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है। यहां सक्रिय तस्कर वृक्षों को काटकर उसकी सप्लाई भी कर रहे हैं। कहुवापानी जंगल से सैकड़ों पेड़ की कटाई हो चुकी है।

### आत्मानंद स्कूल के संविदा कर्मियों का धरना 20 को

**खैरागढ़।** प्रांतीय आव्हान पर दो सूत्रीय मांगों को लेकर जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शालाओं में पदस्थ संविदा शिक्षक व कर्मचारी रविवार 20 जुलाई को धरना देंगे। धरने की सूचना कलेक्टर को देते हुए संविदा शिक्षक व कर्मचारी संघ सदस्यों ने कहा कि 2020 से प्रदेश शासन द्वारा उन्हें बच्चों को बेहतर तरीके से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने संविदा में नियुक्त किया गया है।

बीते चार पांच सालों से सीमित संसाधनों के बावजूद शाला के नाम अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निजी शालाओं को टक्कर दे रहे है। संघ सदस्यों ने कहा कि उनकी कार्यक्षमता के चलते आज स्वामी आतमनंद स्कूल देश प्रदेश में अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में गिने जाते है लेकिन इतनी मेहनत के बावजूद उन्हें नियमित रूप से वेतन वृद्धि का लाभ नही मिलता, वेतनामन का निर्धारण नही हुआ है इसके साथ ही प्रतिफल के रूप में शिक्षा विभाग में संविलियन व नियमितीकरण की बाट जोह रहे है। संघ ने धरना प्रदर्शन की सूचना कलेक्टर को दी है।

### 49495 का हुआ फार्मर रजिस्ट्रेशन

# पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य, बिना आईडी नहीं बेच सकेंगे किसान धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



खरीफ विपणन वर्ष 24-25 तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि केवल वही किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के पात्र होंगे जिनका पंजीयन पोर्टल पर हो।

वास्तविक किसानों को लाभ पहुंचाना और बिचौलियों की भूमिका को खत्म करने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के साथ किसानों को 11 अंकों का विशिष्ट फार्मर आईडी जारी की जा रहा है, जिसमें भूमि, बैंक, मोबाइल, फसल, कृषि यंत्र जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां समाहित हैं। यह डिजिटल पहचान किसानों को योजनाओं का पारदर्शी लाभ दिलाने के लिए एक अहम कदम है। इसमे किसान के तीन अंगों की पहचान किसान, जमीन और फसल की अवधारणा के साथ यह प्रणाली काल्पनिक पंजीयन की संभावनाओं को खत्म करने के अलावा आईडी के माध्यम से रिकॉर्ड डिजिटल रूप में रहेगा जिससे उन्हें फसल बीमा, अनुदान, ऋण और कृषि यंत्र जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

#### 44.27 फीसदी पंजीयन

जानकारी अनुसार जिले में अब तक 49495 पीएम किसान लाभार्थियों ने पंजीयन कराया है, जो कुल लाभार्थियों का 44.27 प्रतिशत है। खैरागढ़ में सबसे अधिक 28 हजार 93, गंडई में 8 हजार 196, छुईखदान में 9 हजार 967 और साल्हेवारा में 3 हजार 239 किसानों ने पंजीयन कराया है। 66 हजार 846 सक्रिय किसानों में 17 हजार 351 किसानों का पंजीयन शेष है। इसमे अकेले खैरागढ़ ब्लॉक में यह 10403 है। कृषि विभाग ने किसानों से नजदीकी लोक सेवा केंद्र, सीएससी या पंचायत कार्यालय में जाकर या स्वयं ऐप के माध्यम से पंजीयन पूरा करने की अपील करते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर वो समर्थन मूल्य पर धान बेचने से अपात्र हो जाएंगे।

## कलेक्टर-एसपी ने किया उप जेल का निरीक्षण, सुनी बंदियों की समस्याएं



- बैरक, पाकशाला सहित वीसी कक्ष का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा ने सलोनी स्थित उप जेल का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बंदी बैरक, पाकशाला, अस्पताल कक्ष, बंदी मुलाकात कक्ष और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का जायजा लिया।

निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने बंदियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, विचाराधीन व सजायाफ्ता मामलों की स्थिति सहित अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

साथ ही जेल प्रशासन को बंदियों की गतिविधियों पर नियमित रूप से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। जेल परिसर की स्वच्छता, भोजन व्यवस्था व सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा बाद उन्होंने जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिया कि बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

## प्रसूता की मौत और अवैध प्रैक्टिस, कलेक्टर ने कमिश्नर को लिखा पत्र

- युकां अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया। बिना प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञ के इलाज के कारण हुई इस मौत पर जब प्रशासन चुप रहा, तब युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने 16 अप्रैल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

कारवाई न होने पर 4 जून को दूसरा ज्ञापन, फिर 25 जून को एसडीएम कार्यालय का घेराव कर जनदबाव बनाया। इसके बाद कलेक्टर ने कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन को पत्र भेजकर जांच और रिपोर्ट की मांग की। दोषियों पर एफआईआर, डॉक्टर की बर्खास्तगी और अस्पताल की मान्यता रद्द करने की मांग करते हुए गुलशन तिवारी ने कहा यह सिर्फ एक महिला की मौत नहीं, पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही है। अगर युवा कांग्रेस सक्रिय न होती, तो यह मामला भी सिस्टम की भ्रष्ट फाइलों में दबा दिया जाता। कलेक्टर के मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर को पत्र लिखकर जॉच करने से उम्मीद बंधी है लेकिन इसके बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज होगा।

## डीईओ ने किया शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- प्रधान पाठक को स्पष्टीकरण जारी कर तीन दिनों के भीतर मांगा जवाब

जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता की सुधार को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी लगातार मैदानी निरीक्षण कर रहे है। गुरूवार सुबह शाला लगने के निर्धारित समय पर उन्होने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उदयपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

सभा स्थल में बच्चों से साथ सामूहिक प्रार्थना बाद नैतिक शिक्षा में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा। बच्चों से शिक्षकों की समय पर उपस्थिति को लेकर जानकारी ली और शाला में पदस्थ पांच शिक्षकों में से एक प्रधान पाठक ढालचंद भारती के निर्धारित समय तक शाला में नहीं पहुंचने पर तत्काल स्पष्टीकरण जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने शैक्षिक गुणवत्ता परखने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक और कन्या शाला छुईखदान का निरीक्षण कर प्रतिदिन शिक्षक दैनिंदनी संधारित करने की चेतावनी दी।



## संगठनात्मक सहयोग के लिए है राशि, सचिव संघ ने किया स्पष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पंचायत सचिवों से कथित रूप से 6-6 हजार रुपयों की वसूली को लेकर मचे विवाद के बीच पंचायत सचिव संघ ने स्थिति स्पष्ट करते हुए अपना पक्ष रखा है। संघ ने साफ किया कि यह राशि संगठन की आंतरिक गतिविधियों और सहयोग के लिए ली गई थी।

संघ की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि संघ ने हमेशा पारदर्शिता और वैधता के साथ कार्य किया है। संगठन ने अब तक दिवंगत सचिवों स्व. बल्देव कंवर, स्व. भगवती कुमार जोशी और स्व. महेन्द्र जोशी के परिजनों को आर्थिक सहायता, गणेशराम वर्मा, सुरजबली सेन, पोषण वर्मा, बीरसिंह क्षत्री और द्वारिका वर्मा के विदाई समारोह पर और हड़ताल, बैठक सहित अन्य गतिविधियों पर जमा राशि खर्च किया है। जिला व प्रदेश स्तर पर संगठन के संचालन, सचिव स्थापना दिवस का आयोजन जैसे विविध विषयो पर संघ सदस्यो द्वारा जमा राशि से ही उक्त सारी गतिविधि पूरी हुई है। सचिवों के शासकीयकरण संबंधी लंबित मांगों को लेकर प्रस्तावित वाहन यात्रा और कार्यक्रम को लेकर सचिवो से सहयोग राशि मांगकर एकत्र करने कार्यकारी अध्यक्ष खुमान यादव को अधिकृत किया गया है इसमे 29 सचिवों ने सहयोग दिया है।

#### गलतफहमी हुई होगी

ब्लाक अध्यक्ष जोगेश्वर धनकर ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया संगठनात्मक भावना और भागीदारी के तहत की गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा आधी अधूरी जानकारी के इसे तूल दिया गया। कुछ सचिवों को शायद गलतफहमी हुई होगी पर अधिकांश सचिवों को उद्देश्य पहले से ही स्पष्ट कर दिया गया था। गौरतलब है कि मामले ने तब तूल पकड़ा जब जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा ने इस विषय में कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच की मांग की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संघ ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति संगठन और जनपद की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है तो उसकी घोर निंदा की जाती है हालांकि संघ ने यह भी कहा कि अध्यक्ष और सभापति सहित सारे सदस्य हमेशा सचिवों के सुख-दुख में साथ रहे हैं और उन्हें लेकर संगठन की भावना सम्मानजनक ही रही है।

## खाद संकट को लेकर युकांईयों ने किया प्रदर्शन, बैरिकेडिंग तोड़कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लॉक के समितियों में खाद की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस एवं किसानों ने जंगी प्रदर्शन कर बैरिकेडिंग तोड़कर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है, जहां उच्चाधिकारियों ने पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराने के आश्वासन बाद युवा कांग्रेस का धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि ब्लॉक के अधेवी समितियों में खाद का संकट गहरा गया है। क्षेत्र में बुवाई एवं रोपाई का कार्य अंतिम चरण में है, जहां फसल की बेहतर पैदावार के लिए डीएपी खाद किसानों द्वारा डाला जाता है, लेकिन खेती-किसानी कार्य में समितियों में पिछले दो माह से खाद नहीं होने से किसान परेशान हैं। इन समस्याओं को लेकर खुज्जी विधानसभा के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने खाद उपलब्ध कराने कृषि विस्तार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। इस अवसर पर खुज्जी विधानसभा के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता, किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेखर मंडलोई, किसान नेता मदन नेताम, अनिल बाघमारे, छबि यादव, दीनू साहू, राजेन्द्र कतलाम, सुरेश शोरी, रोहित साहू, हौसी साहू, हेमंत सिन्हा, जितेन्द्र मंडावी, तिलक मंडावी, दीपक निषाद, विनोद मंडावी, धिरेन्द्र तिवारी, गोदावरी, बुधारू मंडावी सहित क्षेत्र के युवा कांग्रेस एवं किसान शामिल हुए।

### घंटेभर रही हंगामे की स्थिति



#### छुरिया रोड रही जाम

दोपहर बापूटोला पुलिया के पास युवा कांग्रेस एवं किसानों को रोका गया, जहां युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए दूसरे बैरिकेडिंग के पास पहुंचकर चिचोला नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने की मांग करने लगे, जहां लगभग आधे घंटे तक बापूटोला मोड़ के पास पुलिस एवं युकांईयों में झड़प होती रही। युवा कांग्रेस एवं किसान छुरिया-चिचोला मार्ग पर स्थित बापूटोला में धरने पर बैठ गए। लगभग दो घंटे तक चिचोला-छुरिया आवागमन मार्ग बाधित रहा।

#### चार दिन में मिलेगी खाद

युवा कांग्रेस एवं किसानों के धरना प्रदर्शन में तहसीलदार विजय कोठारी एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव एसएल देशलहरे एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया जीपी सहाड़े ने बताया कि चार दिन में समितियों में डीएपी एवं यूरिया का 400 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध कराया जा रहा है, तब जाकर युवा कांग्रेस एवं किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

## खुशी और लता सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

- उपलब्धि के लिए प्राचार्य ने किया प्रोत्साहित

पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार की बालिकाओं ने विगत वर्ष शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत राष्ट्रीय हा की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। स्पर्धा में शामिल होने वाली खुशी साहू, लता साहू को उनकी उपलब्धि के लिए प्राचार्य श्रीमती तोमर ने हाकी स्टीक व जूते प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर क्रीड़ा शिक्षक गोवर्धन साहू, क्रीड़ा प्रभारी ममता गोसाईं, योगराज साहू, परसादी राम, राम साहू आदि मौजूद थे।

## दंत परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्फ्लूएंस कॉलेज में एमओयू गतिविधि के अंतर्गत निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सुंदरा डेंटल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दंत परीक्षण शिविर का उद्देश्य दंत स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि आज दंत शिविर लगाया गया। जिसका मकसद दंत चिकित्सक दातों की सफाई फलासिंग और ब्रश करने की उचित तकनीक के बारे में सलाह दिया गया। साथ ही सडन, मसूड़ों की बीमारी और अन्य दंत समस्याओं के शुरूआती लक्षणों का पता लगाने जांच किया गया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी धनंजय साहू ने बताया कि महाविद्यालय में ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। जिसका मकसद छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना होता है। शिविर में चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वच्छता, आहार और जीवनशैली में बदलाव के बारे में जानकारी साझा किया गया।

#### छात्रों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि महाविद्यालय में दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपने दंत की समस्या के संबंध में सलाह विशेषज्ञ डॉक्टर से प्राप्त किया। डॉक्टरों की टीम द्वारा शिविर में परीक्षण किया गया और छात्रों का उपचार करते उन्होंने कुछ सावधानियों के संबंध में भी बताया। कॉलेज परिसर में कैंप लगने से गोदग्राम पार्रीकला के नागरिक एवं महाविद्यालय के छात्रों ने बड़ी संख्या में अपना परीक्षण करवाया। शिविर में सुंदरा डेंटल कॉलेज के डॉक्टर की टीम डॉ. अनिरुद्ध खेदुलकर ने अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण कार्य को संपन्न किया और कहा कि हमें नियमित रूप से प्रेस करना चाहिए। मीठा खाने के बाद भी हमें ब्रश करना आवश्यक है। समय-समय पर हमें इस प्रकार के परीक्षण करवाते रहना चाहिए। महाविद्यालय में शिक्षकों, प्राध्यापकों, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने दंत शिविर का लाभ लिया।

### संगीत विवि और आईआईआईटी रायपुर के बीच एमओयू

# कला का टेक्नोलॉजी के साथ हुआ संगम, बढ़ेगा अब शिक्षा का स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




इंदिरा कला संगीत विवि और डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के मध्य समझौता ज्ञापन हुआ। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा व आईआईआईटी रायपुर के कुलपति प्रो.ओमप्रकाश व्यास ने समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर किया।

एमओयू से कला के साथ टेक्नोलॉजी के इस संगम से विद्यार्थियों में शिक्षा का स्तर बढ़ेगा जिससे उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां मिलेगी। इसके साथ ही टेक्नोलॉजी के समन्वय से कलाओं को विश्वस्तर पर ले जाने का भी सुनहरा अवसर मिलेगा।

एमओयू से संगीत विवि के विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा अर्जित करने का अवसर मिलेगा वहीं आईआईआईटी के विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के साथ ही विभिन्न कलाओं तथा नृत्य संगीत को जानने व समझने का भी मौका मिलेगा। वर्तमान में पूरे विश्व में टेक्नोलॉजी का स्तर निरंतर बढ़ते जा रहा है ऐसे में कला का टेक्नोलॉजी के साथ समझौता दोनों ही संस्थानों के विद्यार्थियों में नई शिक्षा की शुरुआत होगी जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

#### विनिमय कार्यक्रम होगा आयोजित

समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधानात्मक सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके बाद दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अनुसंधान परियोजनाओं पर काम कर पाएंगे, विद्यार्थियों के लिए विनिमय कार्यक्रम आयोजित होगा और दोनों संयुक्त रूप से कार्यशाला और सेमिनार आयोजित कर पाएंगे जिससे सूचना प्रौद्योगिकी और कला के क्षेत्र में सहयोगी परियोजनाएं शुरू की जा सकेगी।

## मिशन 2, ब्लॉक में लगे 25 हजार पौधे



**खैरागढ़।** एक पेड़ मॉ के नाम मिशन 2 के तहत ब्लाक के 114 ग्राम पंचायतों में वृहद सतर पर पौधरोपण हुआ। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश व जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल के मार्गदर्शन मे आयोजित विस्तृत कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, कर्मचारियों व मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं सहित स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई और पूरे उत्साह के साथ पौधा लगाया। पीएम आवास ग्रामीण, महतारी वंदन योजना सहित विविधि प्रकार का पेंशन प्रापत कर रहे बुजुर्गों के परिवार को पौधा भेंटकर रोपण के लिए प्रोत्साहित किया गया। पंचायत भवनों के आसपास औषधिय पौधे लगाए गए और पौधे से पेड़ बनने तक उनकी सुरक्षा सहित संवर्धन का संकल्प लिया गया। जनपद सीईओ नारायण बंजारा व मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी उपेंद्र वर्मा ने बताया कि अभियान तहत 114 पंचायतों में पचीस हजार से उपर विविध प्रकार के फलदार, छायादार व औषधिय पौधे लगाकर उनके संरक्षण व संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## सार समाचार

### चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश मंत्री का मनोनयन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने संरक्षक खूबचंद पारख एवं बलदेव भाटिया की



अनुशंसा से राजनांदगांव जिले के तीन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं तीन प्रदेश मंत्री का मनोनयन किया है। जिसके अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर ज्ञानचंद बाफना, विनोद डड्डा एवं भीमन धनवानी एवं प्रदेश मंत्री पद पर अमर लालवानी, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल और संजय कुमार जैन का मनोनयन किया है। जिले से चेंबर के तीन प्रदेश उपाध्यक्ष और तीन प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर चेंबर से जुड़े व्यापारी संगठनों में हर्ष की लहर छा गई। विदित हो कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के वर्षों तक सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले ज्ञानचंद बाफना विनोद डड्ढा एवं भीमन धनवानी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने एवं वर्षों से मानपुर में संजय जैन एवं डोंगरगढ़ में लक्ष्मीनारायण अग्रवाल तथा अमर लालवानी को मंत्री बनाए जाने से व्यापारी जगत में व्यापार के हित में कार्य करने वालों के सम्मान से खुशी की लहर है और सभी ने चेंबर अध्यक्ष का धन्यवाद दिया है।

### 23 अगस्त को बिलासपुर में निःशुल्क शल्य शिविर

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद द्वारा आगामी 23 अगस्त को 62वें विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्व. श्रीमती मांगीबाई स्व. उदयलाल अग्रवाल की पावन स्मृति में डॉ. राधेश्याम गायत्री देवी अग्रवाल (नालोटिया) परिवार के प्रायोजक्त में जिला प्रशासन बिलासपुर, समाज कल्याण विभाग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर, जिला अस्पताल एवं जिला पुनर्वास केंद्र बिलासपुर के सहयोग से सुबह 9 बजे से जिला अस्पताल पुराना बस स्टैंड बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त शिविर में पोलियोग्रस्त टेढ़े-मेढ़े पैर एवं अन्य प्रकार के पैरों के विकृति को शल्य क्रिया के माध्यम से ठीक किया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जो घसीट कर चलते हैं, अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते, जिनकी उम्र 2 वर्ष से 30 वर्ष के बीच है। इस शिविर का लाभ ले सकते हैं। उपरोक्त शिविर से संबंधित पवन लोहिया से संपर्क कर शिविर से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं अपना अग्रिम पंजीयन भी कराया जा सकता है।

### वुशु में संस्कार सिटी ने जीता सिल्वर मेडल

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने हाल ही में हैदराबाद में आयोजित 24वें जूनियर यूथ नेशनल वुशु चौंपियनशिप-2025



में शानदार प्रदर्शन करते उपविजेता का खिताब अपने नाम किया है। यह प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप 01 से 07 जुलाई तक कच्ची बाउली इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुई थी। स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने ताऊलू प्रतियोगिता में असाधारण कौशल और समर्पण का प्रदर्शन करते रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीता। जिससे उन्होंने अपने स्कूल परिवार और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। पदक जीतने वाले छात्रों में पूर्वाशी नेताम, दिशा कश्यप, भूमिका चौधरी, भावना नंदिनी भगत, भूमिका नाग, इशिका टेम्बुकर, वंदिता रावटे, आयुषी अनंत, सौरभ पोंडी, अभिषेक, सुमित कुमार साहू, स्वप्निल प्रधान, कीर्तन नाग और ईशान टेम्बुकर शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को खेल शिक्षिका विद्या सिंह के मार्गदर्शन में हैदराबाद भेजा गया था, जहां उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल, अतुल देशलहरा ने इस शानदार जीत पर छात्रों और खेल विभाग के स्टाफ को बधाई दी।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थी चयनित

**राजनांदगांव।** श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आयोजित जवाहरलाल नेहरू हॉकी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते स्कूल और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में बालक वर्ग 15 वर्ष एवं बालक-बालिका वर्ग 17 वर्ष की टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते जिला कबीरधाम की टीम को पराजित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित किया है। अब यह चयनित खिलाड़ी आगामी माह जयपुर (दुर्ग ज़ोन) में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार जनरल सिंह भाटिया, प्रो. हरजीत भाटिया, रूबी गरचा सहित समिति के अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला समाजवादी पार्टी द्वारा पुराना रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित कर जिला संगठन के ऊपर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में



संगठन को विस्तार से बढ़ाने सभी समाजवादी पार्टी के अधिकारी द्वारा विचार कर संगठन को बल देने जोर दिया गया। गांव-गांव के किसान व मजदूर के जनसमस्या मुद्दों को लेकर कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन देकर उनकी मांगों को पूरा कराने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी देते जिला मीडिया प्रभारी मोतीलाल यादव ने बताया कि बैठक में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गयूर सिद्धीकी, प्रदेश संगठन सचिव मोतीलाल यादव, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सोमप्रभा सैम्यूल, मीना कोर्राम, जिला संगठन सचिव मन्नूलाल सोनी, जिला सचिव विष्णु सोनी, दीपा यादव आदि उपस्थित थे।

### व्यवस्थापन आवश्यक है : मोहन

**राजनांदगांव।** जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबु ने कहा कि अतिक्रमण हटाया जाना एक अच्छी पहल है, जो केवल गुड़ाखू लाइन में अति आवश्यक था, ताकि आम नागरिकों को ट्रैफिक दिक्कतों का सामना ना करना पड़े, किन्तु रोज आमदनी प्राप्त कर परिवार का पालन-पोषण करने वालों के लिए मुसीबत साबित हो गई है। जिला प्रशासन, निगम प्रशासन को विधिवत नोटिस देकर फ्लाई ओवर के नीचे व्यवसाय करने वाले ठेले-खोमचे वालों को। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था में कोई अडचन वर्तमान में नहीं है, अगर अनावश्यक रूप से हटाया भी जा रहा है तो अन्यत्र स्थान में शासन के नियमानुसार व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय दल ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** केंद्रीय दल एनएलएम की टीम ने 16 जुलाई को ग्राम



पंचायत भेड़ीकला जनपद पंचायत का दौरा किया। टीम ने पंचायत के विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। इस दौरान पूर्णिमा साहू, बिसंतीन नेताम, कृष्णा साहू, फैज मेनन, प्रशांत साहू, मनीष साहू समेत अन्य लोग शामिल थे।

## शहर कांग्रेस ने घेरा कलेक्टोरेट, सौंपा ज्ञापन

# ऋण पुस्तिका के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में ऋण पुस्तिका के लिए आम जनता व किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसके कारण लोगों को तहसील का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बाद भी ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ऋण पुस्तिका नहीं होने के चलते किसानों को खाद, बीज व शासन की योजनाओं जैसी कई प्रकार की दिक्कतें हो रही है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि जिलेभर में ऋण पुस्तिका की कमी बनी हुई है। जिसके कारण किसानों व आम जनता को ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है। लोगों को तहसील का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है। ऋण पुस्तिका नहीं होने के चलते किसानों को खाद, बीज व शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि वर्तमान में खरीफ सीजन चल रहा है। किसानों को इस समय खाद-बीज की जरूरत में ऋण पुस्तिका की आवश्यकता होती है। इसी तरह किसानों को भूमि क्रय व विक्रय करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, शरद खंडेलवाल, मोहिनी सिन्हा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सुरेन्द्र देवांगन, अब्बास खान, अभिमन्यु मिश्रा, गोपीचंद गायकवाड़, अमिन हुद्दा, छोटेलाल रामटेके, कुंजलाल साहू, परवेज खान, युवराज भारती, नीरज कन्नौजे, मुस्तफा जोया, मयंक सोनी, नारायण कन्नौजे, मनीष साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



### हफ्तेभर का अल्टीमेटम

किसानों की समस्या को देखते हुए कांग्रेसजन राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द ऋण पुस्तिका उपलबध कराने की मांग रखी एवं सात दिवस के अंदर ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो कांग्रेसजन किसानों के साथ मिलकर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### नहीं हो पा रहा फसल बीमा

फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। समय पर ऋण पुस्तिका न होने पर कई किसानों को फसल बीमा से वंचित होना पड़ सकता है। सरकार किसानों को 3100 रुपए नहीं देना चाहती है और न ही डीएपी खाद उपलब्ध करा पा रही है। ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने से किसानों को बीज नगदी लेना पड़ा। इसी तरह सोसायटियों में फसल भी नहीं बेच पाएंगे। भाजपा षडयंत्र कर किसानों के धान पैदावार कम करने हरसंभव कोशिश कर रही है।

### पीएम फसल बीमा राशि के लिए चक्कर काट रहे किसान

राजनांदगांव। कुमरदा (छुरिया) क्षेत्र के किसान धान फसल बीमा (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) की राशि नहीं मिलने के कारण बार-बार कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। कुमरदा महिला ब्लॉक अध्यक्ष व क्षेत्रीय जनपद सदस्य अंजली रामगुलाल घावडे की अगुवाई में बीते दिनों जिला कलेक्टर, उपसंचालक कृषि जिला राजनांदगांव, अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव, तहसीलदार कुमरदा को पत्र प्रेषित कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि दिलाने की मांग करते उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत साल्हे है, आश्रित ग्राम मन्होरा, पटवारी हल्का नंबर 14 के कृषक हैं। हम सभी खरीफ वर्ष 2024 -25 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराए थे। चूंकि असमय वर्षा, रोग व कीट लगने के कारण फसल को काफी क्षति हुआ था। जिससे धान फसल उत्पादन में कमी हुई थी, परंतु हमें बीमा की राशि नहीं मिल पाया है।

### शहर विकास के लिए डॉ. रमन सजग: भाटिया

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी शहर उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने कहा कि डॉ. रमन सिंह शहर के विकास के लिए सदैव सजग रहने वाले जनप्रतिनिधि है। उनके मुख्यमंत्रित्व काल में शहर की प्रगति का जो कीर्तिमान स्थापित हुआ, वह नागरिकों के स्मृति पटल से कभी विस्मृत नहीं होगी। शहर के



भीतर जहां सड़कों का जाल बिछाने की बात हो या अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निर्माण हो, उसमें एस्ट्रोटर्फ बिछाने की बात हो, मेडिकल कॉलेज की उपलब्धि हो या चौपाटी क्षेत्र का विकास हो अथवा नए शिक्षण संस्थानों के प्रारंभ करने का विषय हो।

श्री भाटिया ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रेवाडीह चौक से रामकृष्ण नगर चौक तक सर्विस रोड का निर्माण उनके शहर के प्रति गंभीर सोच को उजागर करता है। इस क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज होने से आम लोगों की आवाजाही बढ़ गई थी आम लोग दुर्घटना के शिकार होते थे, जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई, तब वे परिवहन मंत्री से चर्चा कर उन्हें पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया और इसका हल भी ले आए।

## राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, कांग्रेस ने की शिकायत

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी को लेकर सोशल मीडिया में लगातार अभद्र टिप्पणी करने एवं आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है।

आक्रोशित कांग्रेसियों ने डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता आज स्थानीय पुलिस थाना पहुंचे। अभद्रतापूर्ण टिप्पणी सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले व्यक्ति सुनील कुमार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र शाह को लिखित आवेदन सौंपा है।



### मूवी को लेकर छिड़ा विवाद

पूरे मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह ने बताया कि किसी मूवी को लेकर विरोध में इस तरह का अनर्गल पोस्ट सोशल मीडिया में किया गया है, जिसे लेकर आज सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पुलिस थाना में उक्त युवक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते लिखित आवेदन सौंपा है। अगर पुलिस पूरे मामले में जल्द ही कार्रवाई नहीं करती है तो सभी कांग्रेसी आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन करने की बात कही है।

**होगी जांच**

सोशल मीडिया में अर्नगल पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने शिकायत की है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

- **उपेन्द्र शाह,** टीआई

## अतिक्रमण हटाए जाने से आक्रोशित गुमटी-ठेला संचालकों ने घेरा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा फ्लाई ओवर के नीचे से व्यवसायियों को हटाए जाने एवं ठेला-गुमटी इत्यादी जब्त कर लिए जाने से व्यवसायियों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या आ गई है। इस संबंध में अपनी पीड़ा व समस्या बताने व्यवसायियों ने कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में निगम में धरना प्रदर्शन कर निगम आयुक्त एवं महापौर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उचित व्यवस्थापन की मांग की गई है। मांग पूरी ना होने पर सपरिवार निगम में प्रदर्शन करने की बात कही गई है।



कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में गुरुवार को फ्लाई ओवर के नीचे ठेला-खोमचा लगाकर व्यवसाय करने वालों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की एवं ठेला-खोमचा को हटाए जाने का विरोध किया। उन्होंने व्यवस्थापन संबंधी एक ज्ञापन भी नगर निगम के अधिकारी को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वे करीब 20 वर्ष से फ्लाई ओवर के नीचे छोटा-मोटा व्यवसाय करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। पिछले दिनों बिना सूचना के व्यवसाय को बंद करा दिया गया है। उनके ठेला-गुमटी आदि को उठाकर नगर निगम द्वारा जब्त कर लिया गया है। जिससे उनके समक्ष रोजी-रोटी और रोजगार की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। व्यवसायियों ने ज्ञापन में कहा है कि सभी रोज कमाने-खाने वाले हैं। उनके सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है।

### निगम उचित व्यवस्थापन करें

व्यवसायियों ने मांग की है कि उनकी दयनीय स्थिति को देखे हुए उन्हें व्यवस्थित रोजगार के लिए स्थान उपलब्ध कराए। बताया गया कि व्यवसायियों की मांग पूरी ना होने की स्थिति में व्यवसायी सोमवार को परिवार के साथ नगर निगम के समक्ष धरना प्रदर्शन देकर अपनी मांग व समस्या के प्रति निगम अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराएंगे। इस मौके पर फ्लाई ओवर के नीचे दुकान लगाने वाले व्यवसायियों सहित पूर्व पार्षद विनय झा, अवधेश प्रजापति की उपस्थिति रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मौके पर पुलिस भी तैनात रही।

## शराब पीने पैसे की मांग, मारपीट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** गुपचुप ठेला चलाने वाले प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करते गाली-गलौज एवं मारपीट करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। प्रार्थी से शराब पीने पैसे की मांग करने वाले तीसरे फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह कमला कॉलेज चौक में गुपचुप ठेला लगाता है। 13 जुलाई के रात्रि 10 बजे दुकान को बंद कर अपने घर जा रहा था कि रात्रि साढे 10 बजे बंगाली चाल के पास पहुंचा, तभी अर्जुन धनकर, नेतराम यादव एवं ईश्वर यादव तीनों इसे शराब पीने के लिए पैसों की मांग किया। प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार करने पर तीनों प्रार्थी को गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट किया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 351(2) 119(1)3 (5) बीएनएस पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।



### दो आरोपी पर हो चुकी कार्रवाई

प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपियों के ठिकाने में दबिश देकर आरोपी अर्जुन धनकर एवं नेतराम यादव उर्फ खतम यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

प्रकरण के अन्य आरोपी ईश्वर यादव घटना कारित कर फरार था, जिसे मुखबीर सूचना के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

- कमल सॉल्वेंट कंपनी के सामने आए दिन घटना घटती रहती है



**राजनांदगांव।** ग्राम सोमनी नेशनल हाईवे जीई रोड रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार बाल-बाल बचे।

बता दें कि रिलायंस पेट्रोल पंप और कमल सॉल्वेंट कंपनी के सामने आए दिन दुर्घटना घटती रहती है। ग्राम खुटेरी मार्ग के लोग विपरीत दिशा से पेट्रोल-डीजल के चक्कर में विपरीत दिशा में गाड़ियां चलाते हैं और कमल साल्वेंट के सामने बड़े-बड़े गाड़ियों का जमावड़ा रहता है। जिसकी वजह से इस जगह पर बार-बार घटना घटित होती रहती है।

कमल साल्वेंट कंपनी प्रबंधन को चाहिए कि गाड़ी को बाहर पार्क नहीं करने दें। जिससे रोड स्पष्ट दिख सके, ऐसा क्षेत्रवासियों ने अपील करते बताया कि गाड़ियों के जमावड़ा की वजह से रोड से विपरीत दिशा में लोग पेट्रोल भरने के लिए आते-जाते है। जिसकी वजह से साइड में खड़े वाहन की वजह से रास्ता संकीर्ण हो जाता है।

## आरोपी से 18 पौवा शराब जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत एक आरोपी से 18 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी को पकड़कर कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षक एमन साहू नेतृत्व में शराब कोचियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु टीम गठित किया गया। 17 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर आरोपी संतोष यादव 48 साल निवासी इंदिरा नगर का गौरवपथ अस्पताल कॉलोनी के सामने अवैध रूप से धन अर्जित करने की उद्धेश्य से अवैध रूप से बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 18 नग देशी मदिरा प्लेन शराब 1440 रुपए एवं बिक्री रकम 160 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

### फरार वारंटी पकड़ाया

पुलिस के अनुसार लंबे अरसे से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी नितेश उर्फ नैतिक पिता टीकाराम हुमने 28 साल निवासी केशर नगर कंचनबाग को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### बाइक से गिरी, मौत

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर महिला अपने लड़की के गांव जाने के लिए निकली थी। इस दौरान रास्ते में वह वाहन से गिर गई, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरवाही से अपने पड़ोसी युवक के साथ बाइक में सवार होकर लीलाबाई अपनी लड़की के गांव घोटिया जाने के लिए 15 जुलाई को निकली थी। वे घोटिया गांव के प्रवेश द्वार के पास पहुंचे ही थे कि वाहन चालक की लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से महिला बाइक से फिसलकर नीचे सड़क पर जा गिरी। घायल महिला को उपचार हेतु डोंगरगढ़ चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जैन बगीचा में चातुर्मास में मुनि वीरभद्र का प्रवचन

# संस्कृति खत्म तो सब खत्मः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रख्यात जैन संत एवं मुनि विनय कुशल के सुशिष्य मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि हम सिर्फ बाहरी सौंदर्य की ओर ध्यान देते हैं, किंतु अपने भीतर के सौंदर्य को देखते ही नहीं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय संस्कृति को खत्म करने काफी प्रयास किया। पहले मुगलों, फिर अंग्रेजों के प्रयास के चलते हमारी संस्कृति को काफी नुकसान पहुंचा, इसका यह असर पड़ा कि धर्म करने में हमारा भाव नहीं रहा। बिना भाव के कुछ भी करने में आनंद नहीं आता।मुनिश्री वीरभद्र आज जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में चतुर्मासिक प्रवचन के दौरान उक्त उदगार प्रकट किए।

उन्होंने जैन रामायण का जिक्र करते कहा कि हम किसी भी पात्र को जाने बिना कोई धारणा या निर्णय बना लेते हैं तो वह उस पात्र के प्रति अन्याय होता है। उन्होंने कहा कि रावण प्रकांड विद्वान और ज्ञानी था, किंतु दो कार्य उसने गलत किए। जिसकी वजह से उनका



व्यक्तित्व ही बदलकर रख दिया गया। सीताजी के महासती चरित्र उजागर करने में उनकी बड़ी भूमिका रही। मुनिश्री ने कहा कि भौतिक समृद्धि प्राप्त करने हम इस जीवन को खपा देते हैं, किंतु आंतरिक और आध्यात्मिक समृद्धि के लिए हम कोई प्रयास ही नहीं करते। किसी भी चीज को जानने एवं सीखने जिज्ञासा का भाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिवाजी नहीं होते तो यहां मुगलों का शासन होता। हमारा भी धर्म परिवर्तन हो जाता।

### किसी की भी धार्मिक भावना को मत पहुंचाओ चोट

मुनिश्री ने कहा कि आज के युवा व्यसन की राह में बढ़ रहे हैं, वे व्यसन छोड़कर आध्यात्म की ओर बढे, इसके लिए संस्कृति का मजबूत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सब बाहरी सौंदर्य की ओर लगे हुए हैं, भीतरी सौंदर्य को कोई नहीं देख रहा। धर्म के प्रति श्रद्धानवत हो जाओ। किसी की धार्मिक भावना को चोंट मत पहुंचाओ।

### जहां दवा काम नहीं करती, तब क्या करोगे

मुनिश्री वीरभद्र ने आगे फरमाया कि जहां जागना है, वहां हम सोते हैं और जहां सोना है वहां जागते रहते हैं। दर्द शुरू नहीं हुआ और हम दवा ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक दर्द सह सकते हो, तब तक सहन करना चाहिए। दवा लेते-लेते एक स्थिति ऐसी भी आ जाती है, जहां दवा काम नहीं करती, तब आप क्या करेंगे? अतः जब तक हो सके दर्द को सहन करना सीखें।



## खबर संक्षेप

### श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया भोरमदेव पदयात्रा में हिस्सा



**हरिभूमि कवर्धा।** पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार को श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल सिंघनुपरी-कवर्धा के विद्यार्थियों ने प्रशासन द्वारा आयोजित भव्य पैदल यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह यात्रा जिले के प्रसिद्ध स्वयं-भू श्री बूढ़ा महादेव मंदिर से छत्तीसगढ़ के खजुराहो तथा कबीरधाम जिले के गौरव के रूप में जाने जाने वाले भोरमदेव मंदिर तक किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य समस्त विद्यार्थियों को जिले के विख्यात पर्यटन व दार्शनिक स्थल से जोड़ना था। प्रशासन द्वारा आयोजित इस यात्रा में जिले के विधायक तथा छग शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा जिले के जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक तथा प्रशासन के सभी कर्मचारी व अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर इस पद यात्रा में भाग लिया। भोले की भक्ति में रंगकर 15 किलोमीटर की दूरी उछलते-कूदते तय कर ली। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक आदित्य चन्द्रवंशी के साथ विद्यालय के उपप्राचार्य भैरब पाल एवं माध्यमिक विभाग की संयोजिका सुश्री श्रीजल शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं का नेतृत्व करते हुए हर्षोल्लास के साथ पद यात्रा की। इस आयोजन के संबंध में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने कहा कि बच्चों के लिए अपने एतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरों को जानने एवं समझने का एक सार्थक प्रयास किया गया, जो मुक्तकंठ प्रशंसनीय है।

### कस्तुरबा गांधी विद्यालय में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों मंगलवार को कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कवर्धा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश चंद्रवंशी (अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड छग रहे, व कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नपाध्यक्ष द्वारा की गई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सतविंदर पाहुजा, पवन जायसवाल, बिहारी धुर्वे, अजय ठाकुर, दुर्गेश अवस्थी योगेश चंद्रवंशी, दीपक सिन्हा, हरीश साहू राकेश साहू, की गरिमामय उपस्थिति रही। विद्यालय की बालिकाओं ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय में पधारे सभी अतिथियों ने कक्षा 6वीं की नवप्रवेशी बालिकाओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाई साथ ही स्टेशनरी व गणवेश देकर प्रदान कर विद्यालय में प्रवेश कराया। इस कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की। उपरोक्त कार्यक्रम में नपाध्यक्ष द्वारा आर्शीवचन के रूप में बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ साथ विद्यालय की सराहना की। वहीं सतविंदर पाहुजा व सुरेश चंद्रवंशी द्वारा शिक्षा के महत्व व ग्रामीण कृषि संस्कृति व बालिका शिक्षा का महत्व समझाया। इस कार्यक्रम में कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय अधीक्षिका श्रीमती संगीता सिंह ठाकुर, शिक्षिका मालती गर्ग, श्रीमती पूर्णिमा चंद्रवंशी उपस्थित थें।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**-: नामांतरण सूचनाः-**

क्रमांक/12357 राज. वि./न.पा./ 2025-26
कवर्धा, दिनांक 27/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद अधिनस्थ मु.मं.स्वा.यो. लोहारा रोड दुकान क्रं. 04 श्री सुशील कुमार लांझी पिता गोवर्धन के पर आबंटित है. के मृत्यु पश्चात आवेदिका श्रीमती दुर्गा लांझी पति स्व. सुशील कुमार लांझी कवर्धा के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्राप्त आवेदन पर नामांतरण प्रक्रिया हेतु सूचना प्रकाशन किया जा रहा है. इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात या बिना प्रमाण पत्र के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद कवर्धा
कवर्धा, दिनांक 27/05/2025

पंडरिया विधानसभा की उत्कृष्ट जनता के आशीर्वाद और सहयोग को समर्पित उत्कृष्ट विधायक का सम्मान

# विधायक भावना बोहरा उत्कृष्ट विधायक सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मार्च 2025 में छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 2024-25 के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों की घोषणा करते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट विधायक के रूप में उनके नाम की घोषणा की। श्रीमती भावना बोहरा ने वर्ष 2024-25 की अवधि में संपन्न हुए बजट सत्र, मानसून सत्र एवं शीतकालीन सत्र में विधानसभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान सक्रियता से भाग लिया, वहीं क्षेत्र एवं प्रदेश से जुड़ें प्रमुख मुद्दों और जनता के हित को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान व आवश्यकताओं को लेकर मुखर रही।

श्रीमती बोहरा ने पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश में संचालित हो रहे विकास कार्यों और योजनाओं के साथ-साथ सरकार का पक्ष भी रखा। वे लगातार विधानसभा में उपस्थित रहीं एवं सदन की गतिविधियों में सक्रियता से भाग लिया। मानसून सत्र में भी उनके द्वारा लगातार क्षेत्र व प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों एवं महिला, युवा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विभिन्न विषयों से जुड़ें प्रश्न सदन में किए। 16 जुलाई को विधानसभा परिषर स्थित सेंट्रल हॉल के समक्ष आयोजित उत्कृष्टता अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका द्वारा पंडरिया विधायक को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को उत्कृष्ट विधायक सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, अतिविशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष चरणदस महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप समस्त मंत्रीगण, विधानसभा सदस्य उपस्थित थें। महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि उत्कृष्ट विधायक के लिए चयनित श्रीमती भावना बोहरा को बधाई देता हूँ आपने जनहित, संसदीय गरिमा के लिए जो योगदान दिया है यह निश्चित ही प्रेरणादायी है। आप पहली बार विधानसभा सदस्य के रूप में चुनकर आईं हैं और उत्कृष्ट विधायक का आपको सम्मान मिला यह बहुत ही गौरव की बात है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलने पर मैं भावना बोहरा को बधाई देता हूँ जो पहली बार जीतकर आईं और विधानसभा की कार्यवाही में सक्रियता से हिस्सा लिया, क्षेत्र के मुद्दों और जनता की बातों को सदन में मुखरता से रखा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मैं पंडरिया विधायक भावना बोहरा को इस सम्मान के लिए बधाई देता हूँ। आप निरंतर इसी प्रकार जनता के हितों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करती रहें और विधानसभा में आपकी सक्रियता ऐसे ही बनी रहे मेरी शुभकामनाएं है। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदस महंत ने कहा कि श्रीमती भावना बोहरा को उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलने पर मैं बधाई देता हूँ। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने भी श्रीमती भावना बोहरा के कार्यों, विधानसभा की कार्यवाही में सतत उपस्थिति, सक्रियता और जनहित के विषयों को सदन के पटल पर रखने हेतु उनकी तत्परता की सराहना करते हुए उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

**जनता के आशीर्वाद, सहयोग व मार्गदर्शन से मुझे यह सम्मान मिलाः विधायक**



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने महामहिम राज्यपाल रमेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं समस्त सदस्यों और विधानसभा के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी तथा विशेष रूप से पंडरिया विधानसभा की जनता के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा की उत्कृष्ट जनता के आशीर्वाद, सहयोग एवं मार्गदर्शन से मुझे यह सम्मान मिला है, जिसे मैं पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक नागरिक को समर्पित करती हूँ। एक जनप्रतिनिधि के रूप में यह सम्मान मिलना मेरे लिए जितना गर्व की बात है उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी है। यह सम्मान मुझे और भी प्रेरित करेगा अपने दायित्वों को पूरा करने एवं पंडरिया विधानसभा की जनता ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उन्हें उनकी आकांक्षाओं अनुरूप पूरा करने हेतु उर्जा प्रदान करेगी। इस सम्मान के प्रति मैं निरन्तर अपने दायित्वों को पूरा करती रहूँ जिसके लिए मैं आश्वस्त करती हूँ कि जब भी मुझे अवसर मिलेगा पूरी तत्परता से क्षेत्र एवं प्रदेश से जुड़े मुद्दों, जनहित के विषयों को सदन के समक्ष रखती रहूंगी।




## कोलेगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव में उप-स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केन्द्र कोलेगांव में आसपास क्षेत्र के आम नागरिको व महिलाओं को डिलीवरी, बीपी-शुगर एवं बच्चों का टीकाकरण लाभ उप-स्वास्थ्य केंद्र में मिल रहा है।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत कोलेगांव स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र में क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा जटिल व अन्य बीमारियों जैसे के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जाता है। जिस पर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कोलेगांव स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग की गई ताकि क्षेत्र के ग्रामीण, गरीब व मजदूर परिवार तथा क्षेत्रवासियों को लाभ व सुविधा मिल सकें। लेकिन क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नही होने के कारण क्षेत्रवासियों द्वारा सरकारी व निजी हॉस्पिटल ले जाने मजबूर है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार अगर कोलेगांव स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सुविधा दिया जाए तो निश्चित ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्र ग्राम धनेली, भगतपुर, पीपरमाटी, कंझेटा, कुआंमालगी, अमलीमालगी, बसनी, घोरपेंड्री, सेमरकोना सहित आम नागरिकों सर्दी, बुखार, खांसी साथ ही छोटे-छोट इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में होने से ग्रामीण, गरीब व मजदूर परिवार को लाभ व सुविधा मिलेगी।

### सभापति ने महाविद्यालय व धर्मशाला में लगवाया वॉटर कूलर



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई के सभापति पार्षद रामू पाण्डेय द्वारा पार्षद निधि से अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय एवं गुप्ता धर्मशाला में वॉटर कूलर प्रदान किया गया। जिससे जन सेवा ही भावना सेवा के तहत अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय तथा गुप्ता धर्मशाला में वॉटर कूलर लगाए जाने से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं व गुप्ता धर्मशाला में नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगी। इस दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जनभागीदारी महाविद्यालय अध्यक्ष कमल साहू, सुरेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता सहित नगरवासी गण उपस्थित थे।

## विधायक की अनुशंसा पर अमलीमालगी में हुआ बोर खनन

- ग्राम पंचायत के रहवासियों को शुद्ध पेयजल एवं निस्तारी का लाभ सुविधा मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत अमलीमालगी वार्ड क्रं. 07 एवं 08 के मध्य बोर खनन क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अनुशंसा बोर खनन किया गया। ग्राम पंचायत अमलीमालगी में वार्ड क्रं 07 व 08 में पिछले कई वर्षों से पानी की समस्या वार्डवासियों को जुझना पड़ रहा था। वहीं उक्त समस्या को सरपंच श्रीमती नीरसिया मनहरण साहू द्वारा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा को अवगत कराया, जिस पर समस्या को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए विधायक द्वारा त्वरित संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग से संपर्क कर बोर खनन हेतु निर्देशित किया। वहीं विभाग ने तत्काल क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के दिशा-निर्देश पर वार्ड क्रं.07-08 के मध्य में बोर खनन का कार्य किया गया। जिस पर सरपंच श्रीमती निरसिया बाई मनहरण साहू ने कहा कि बोर खनन से ग्रामीण खुशी का माहौल बना हुआ है साथ ही साथ बोर खनन से वार्डवासियो को शुद्ध पेयजल तथा पानी समस्या से राहत मिलेगी। वहीं जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रं. 04 श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, सरपंच श्रीमती



निरसिया बाई मनहरण साहू, उपसरपंच प्रकाश साहू, पंचगण बीशेन साहू, जगन्नाथ खांडे, गोपाल साहू, ओंकार साहू, शेखर सिंगरौल सहित ग्रामवासी एवं वार्डवासियों ने विधायक कें प्रति आभार व्यक्त किया।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बुधवार को कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे कर्मचारी-अधिकारी के प्रमुख मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की बाते कही गई है। जिसमें महंगाई भत्ते की किश्त, चतुर्थ स्तरीय वेतनमान लागू करना, 2019 से लम्बित एरियर्श राशि का समायोजन कर जीपीएफ खाते में जमा किया जाए, पिन्गुआ कमेटी की रिपोर्ट जारी किया जाए, चार स्तरीय वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24, 30 वर्ष की सेवा के पश्चात लागू किया जाए, सहायक शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सक अधिकारी को तृतीय समय वेतनमान लागू किया जाए, केशलेश चिकित्सा व्यवस्था लागू किया जाए, अनुकम्पा नियुक्ति निःशर्त लागू की जाए, अर्जित अवकाश 300 दिनो की किया जाए, सेवानिवृति आयु 65 वर्ष की जाए व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो का नियमितिकरण किया जाने तथा सभी 11 सूत्रीय मांगो को अविलंब पूरा किया जाने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम उपरोक्त मांगों को रखने के लिए अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले विभिन्न संगठनों के प्रमुखों ने एक साथ उपस्थित होकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर गोपाल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन प्रमोद शुक्ला, नंद शर्मा, राजस्व पटवारी संघ निर्मल साहू, गेंदू सिंह ध्रुव, सतीश चंद्राकर, कर्मचारी संघ रविकांत आमदे, स्थल सहायक संघ संतोष सोनी, छत्तीसगढ़ लिपिक संघ भवेन्द्र शर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी संघ अविनाश कौशिक, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दीपक ठाकुर, लघु वेतन कर्मचारी संघ कोमल सहित सभी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। यह ज्ञापन जिला संयोजक प्रताप चंद्रवंशी, प्रमोद शुक्ला, सचिव निर्मल साहू और प्रवक्ता तथा मीडिया प्रभारी नंदकुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।



**कलेक्टर के प्रति जताया आभार**

उक्त ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारियों से कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कुछ स्थानीय समस्याओं को पूछा? जिसमें प्रमोद शुक्ला ने उनसे अनुरोध किया कि कर्मचारी भवन की रिपेयरिंग व विभागीय परामर्शदात्री समिति के विभाग वार तथा कलेक्टर द्वारा बैठकों को नियमित करने की बात किए, जिस पर कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए रिपेयरिंग में यथासंभव सहयोग तथा परामर्श दात्री समिति की बैठकें यथाशीघ्र कराने का आश्वासन दिए। कुछ कर्मचारियों के वर्तमान विभागीय समस्याओं को स्वयं पूछकर वे कर्मचारी समस्या की वर्तमान हालात को जाने। जिन समस्याओं का निपटारा विगत कुछ दिनों में ही उनके संज्ञान में आते ही करवा दिए थे, उसके लिए उन्हें आभार व्यक्त किया।

हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जोराताल-कवर्धा में महापुराण कथा आयोजित

## पत्नी का धर्म केवल पति की सेवा करना नहीं अपने कतव्यों का निर्वहन करना भी है



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी समिति जोराताल-कवर्धा में आयोजित श्री शिव महापुराण महाकथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास वैष्णवाचार्य सुरेन्द्र दास महाराज (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा पतिव्रता धर्म पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान शिव और पार्वती माता के संवादों के माध्यम से पत्नी धर्म, पतिव्रत धर्म के प्रकार और गृहस्थ जीवन में नारी की भूमिका के विषय में बताया गया। श्री शिव महापुराण में वर्णित शिक्षाओं के अनुसार पत्नी का धर्म केवल पति की सेवा करना ही नहीं, बल्कि समर्पण, निष्ठा और सदाचार के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना भी है। कथा व्यास ने बताया कि स्त्री अगर पतिव्रता धर्म का पालन करती है, तो वह देवी तुल्य मानी जाती है। जिसमें प्रमुखता उत्तम पतिव्रता, जो केवल पति की सेवा ही नहीं, बल्कि उसके दुख-सुख में समान रूप से सहभागी बनती है, उसके जीवन की उन्नति में सहायक होती है। मध्यम पतिव्रता जो सामान्य सेवा करती है और धर्म के अनुसार पति के प्रति निष्ठावान रहती है। निकृष्ट पतिव्रता जो केवल सामाजिक डर या स्वार्थ के कारण पति के साथ रहती है। व अतिनिकृष्ट पतिव्रता जो पति के प्रति वफादार नहीं होती और छल-कपट से घर को कलुषित करती है। साथ ही साथ पंचम दिवस की कथा में भगवान गणेश के जन्म, पार्वती द्वारा बालक के निर्माण और शिव द्वारा बालक का मस्तक काटने की कथा का भी वर्णन हुआ, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। अंत में कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से पारिवारिक मूल्यों की रक्षा करने और धार्मिक जीवन जीने का आह्वान किया। कथा मे प्रमुख रूप से कॉलोनीवासी गण के साथ लक्ष्मीनारायण तिवारी, पवन कन्नौज, संजय राव, संदीप वर्मा, महेश चंद्राकर, शिवा कसार, देवी चंद्राकर, संतोष भारद्वाज, राजकुमार उपस्थित थें। इस श्रीशिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचकर संत-प्रवचन का लाभ ले रहे है।

## जिला स्तरीय बेसबॉल, सॉफ्टबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एक दिवसीय जिला स्तरीय बेसबॉल, सॉफ्टबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया। जिसमे कवर्धा सहित चारों ब्लॉक के विद्यालय से लगभग 250 खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू ने बताया कि 12 जून को इसका ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें से चयनित खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया। अब इसमें से जितने खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है, उनका चयन क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। जिसमें सॉफ्टबॉल, बेसबॉल का संभाग बेमेतरा व क्रिकेट का दुर्ग और राजनांदगांव जिले में आयोजित होगा। वही इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, राजनांदगांव लोकसभा सांसद के निज सचिव गजराज सिंह ठाकुर, पार्षद दीपक सिन्हा, ब्लॉक प्रभारी संगीता साहू, व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गिस, राजा जोशी, भूपेंद्र गढ़े, अजय साहू, दीपेंद्र शर्मा, जितेंद्र जांगड़े, मो. गनी खान एवं अन्य पीटीआई उपस्थित हुए थे। अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन किया गया साथ ही साथ नपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सभी खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित किए एवं खेल के क्षेत्र में कबीरधाम जिला का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किए।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 295.4 मिली मीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 295.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 249.7 मिली मीटर, पंडरिया तहसील में 198.9 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 341.1 मिली मीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 192.8 मिली मीटर, रेंगाखार तहसील में 365.5 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 188.6 मिली मीटर, पिपरिया तहसील में 419.7 मिली मीटर और कुकदूर तहसील में 409.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। 17 जुलाई की स्थिति में पिछले चौबीस घंटे में जिले में 2.2 मिली मीटर वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 1.1 मिली मीटर, पंडरिया तहसील में 5.0 मिली मीटर, बोड़ला तहसील में 1.4 मिली मीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 0.0 मिली मीटर, रेंगाखार तहसील में 3.0 मिली मीटर, कुण्डा तहसील में 2.2 मिली मीटर, पिपरिया तहसील में 0.0 मिली मीटर और कुकदूर तहसील में 5.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में मौसम के मिजाज को देखते हुए औसम वर्षा के आंकड़े आने वाले दिनो और अधिक बढ़ सकते हैं।

### सेजेश के छात्रों ने दिखाया हुनर

**छुईखदान।** शालेय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग और राजनांदगांव को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला 15 जुलाई को साइंस कॉलेज मैदान दुर्ग में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में जिले की टीम ने दुर्ग को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में राजनांदगांव और केसीजी जिले की टीम के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई। मुकाबले में जिले की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। टीम के सभी खिलाड़ी सेजेस छुईखदान के हैं। यह टीम 22 जुलाई को जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। कोच निधि साहू, जनक साहू की अहम भूमिका रही।

# डेढ़ माह में जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में दो सौ सहायकों शिक्षक के पद गायब

## उठाया जा रहा सवाल जब सेटअप परिवर्तन नहीं, स्कूल बंद नहीं तो आखिर पद गए कहां?

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के साथ जिले में भी शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया चलाया गया। इस त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का शिक्षक संगठनों द्वारा प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तर में चौतरफा विरोध किया गया। शासन प्रशासन ने जोर-शोर से बताया कि प्रदेश व जिला में न तो किसी स्कूल को बंद किया जा रहा है और न ही सेटअप 2008 में कोई बदलाव किया गया है। विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में भी फिर से यही बात दोहराया गया है। इस पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सवाल किया है कि शासन प्रशासन के अनुसार जब जिले में कोई स्कूल बंद नहीं किया गया है और सेटअप में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है तो फिर केवल 50 दिन में जिले के 200 सहायक शिक्षकों के पद कहां गायब हो गए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा दिए जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2025 को जिले के प्राथमिक शालाओं में सहायक शिक्षक के 432 पद रिक्त थे जो 30 जून 2025 की स्थिति में घटकर रिक्त पद केवल 232 ही रह गया है। इस अवधि में न तो सहायक शिक्षकों की भर्ती हुआ है और न ही अन्य जिले से कोई सहायक शिक्षक आए हैं, तो फिर सहायक शिक्षकों के 200 पद कहां गायब हो गए? वास्तविकता कुछ और ही है। दरअसल युक्तियुक्तकरण के नाम से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी सेटअप 2008 का पालन नहीं किया गया है। इस सेटअप के अनुसार प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में एक प्रधान पाठक व दो सहायक शिक्षक का पद स्वीकृत है, लेकिन युक्तियुक्तकरण में प्रत्येक प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के एक पद कम कर दिया गया है। सवाल यही है कि शासन प्रशासन प्रदेश के प्रत्येक प्राथमिक व मिडिल स्कूल से एक-एक शिक्षकों के पद घटाने की वास्तविकता को स्वीकार करने से क्यों डर रहा है?




### जिले के 335 शालाओं का अस्तित्व समाप्त

इसी प्रकार डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण से जिले के 335 शालाओं का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि पदाधिकारियों ने शासन प्रशासन से त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त कर सेटअप 2008 के अनुसार शिक्षकों का पदांकन करने की मांग को दोहराया है।

**कार्रवाई :** भूमि विवाद और युवति पर गलत नियत के चलते आरोपी ने की हत्या

# 24 घंटे में सुलझाई गई युवती के हत्या की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा/कोलेगांव

जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैरवारकला में बीते बुधवार को घर में घुसकर की गई एक नाबलिग युवति की हत्या की गुत्थी पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर सुलझा ली है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने गुरूवार को बकायदा एक प्रेसवार्ता आयोजित कर खुलासा किया कि पुलिस ने इस मामले में मृतका के पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसने भूमि विवाद और युवति पर गलत नियत के चलते उसकी हत्या की है। आरोपी द्वारा अपना अपराध कबूल किए जाने के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 106/2025, धारा 103(2), 332(1) बीएनएस और धारा 8 पोक्सो एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि बीते बुधवार की दोपहर करीब 12.00 बजे पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम खैरवार कला स्थित एक ग्रामीण के मकान से 16-17 वर्षीय युवति का शव बरामद किया था। जिसकी हत्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गले में सब्बल घोप कर की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह स्वयं दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच टीमों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। एफएसएल यूनिट, डॉग स्क्वाड और तकनीकी विश्लेषण इकाई को तत्काल सक्रिय किया गया, वहीं स्थानीय पुलिस बल को हर संभावित पहलू पर काम करने के निर्देश दिए गए। पुलिस की जांच में सामने आया कि हत्या गांव के ही राजीव घृतलहरे पिता भगवाली, आयु 35 वर्ष द्वारा की गई। पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपी का मृतका के पिता से लंबे समय से भूमि विवाद चला आ रहा था, लेकिन इसके अतिरिक्त वह नाबालिग बालिका पर पूर्व से ही गंदी नजर रखता था। जांच में यह बात भी उजागर हुआ कि आरोपी अक्सर बहाने से यवुति के आसपास मंडराता था और उसकी गतिविधियों पर नजर रखता था। वहीं बुधवार को मौका देखकर आरोपी ने युवति के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और उसकी हत्या कर दी।

### मौका देखकर सुनियोजित ढंग से आरोपी घुसा घर में



पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि घटना वाले दिन आरोपी ने यह सुनिश्चित किया कि बालिका घर में अकेली है। जब उसे यकीन हो गया कि उसके परिवार के सदस्य घर पर नहीं हैं, तो वह भीतर घुसा। उसने बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन विरोध और भागने पर उसने उसे खींचकर कोठार के पास ले गया और वहां रखे सब्बल से बालिका की हत्या कर दी। घटना के बाद जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों दिशाओं में नाकेबंदी कर दी और संभावित संदिग्धों की तलाश शुरू की। पूछताछ और साक्ष्यों के विश्लेषण के दौरान आरोपी की पहचान हुई और उसे हिरासत में लिया गया। गहन पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके मेमोरेंडम कथन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर थाना पांडातराई में अपराध क्रमांक 106/2025, धारा 103(2), 332(1) बीएनएस और धारा 8 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# बोड़ला नगर के कई वार्डो में बीते चार महिनो से स्ट्रीट लाइटें बंद

- जंगल से लगे वार्ड क्रमांक 10 के बासिंदों को करनी पड़ रही भारी समस्याओं का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

जिले के बोड़ला नगर के कई वार्डो में महिनो से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है जिससे बरसात के दिनों में वार्डवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के इस मौसम और रात के अंधेरे में जहरीले कीड़ा मकोड़ा व जीव जंतुओं का खतरा बना हुआ है। इस गंभीर समस्या को लेकर नगर के वार्ड क्रमांक 10 के बासिंदों ने बताया कि यहां स्ट्रीट लाइटें बीते चार माह से बंद पड़ी हैं, जिसके चलते शाम गहराते पूरा वार्ड अंधेरे की गर्त में समा जाता है। वार्डवासियों ने बताया कि यह वार्ड जंगल से सटा हुआ है और इस वार्ड में बैगा आदिवासी निवास करते है, वार्ड के जंगल से सटे होने के कारण वैसे भी बारिश के दिनो में यहां घर और गलियां खतरों से खाली नहीं रहती उस पर अंधेरा होने के कारण खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। वार्डवासियों ने बताया कि कई बार तो जहरीले जीव जन्तु लोगों के घरों तक घुस जाते हैं। उन्होने बताया कि इस समस्या को देखते हुए वे कई बार नगर पंचायत तथा वार्ड के जनप्रतिनिधियों से व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग कर चुके हैं लेकिन आज पर्यंत उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। इस संबंध में वार्ड पार्षद सोमनाथ धुर्वे ने बताया है कि पांच सौ स्ट्रीट लाइट के लिए जानकारी ऊपर भेज दिया गया है। लेकिन कब तक आयेगा इसकी जानकारी उन्हें भी नही है। बता दे की बिजली बंद होने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट के चलते आय दिन स्ट्रीट लाइट खराब हो रहे है। इस संबंध में नगर पंचायत बोड़ला के नवपदस्थ सीएमओ योगेश साहू से फोन कॉल के माध्यम से जानकारी लिया गया तो उनका कहना था कि मैं पता कराता हूं। नगर पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से वार्डवासियों को पिछले चार माह से केवल आश्वासन के सिवा कुछ नहीं दिया जा रहा है। वार्ड की गलियों में अंधेरा होने से कई लोगों के घरों में जहरीले जीव जंतु जैसे सांप बिच्छू आए दिन घुस रहे हैं। बताया जाता है कि बीते बुधवार की रात वार्ड नंबर 10 के एक निवास के घर में बिच्छू घुस गया था और कुछ दिन पूर्व ही एक महिला के घर में जहरीला सांप घुस गया था जिसको डायल 112 टीम की सहायता से रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ा गया। वार्डवासियों ने अब क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से वार्ड में प्रकाश व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की गुहार लगाई है।



## सहायक शिक्षकों ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से की मुलाकात



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कबीरधाम के जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से सौजन्य मुलाकात किया और गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन ने अपनी विभिन्न स्थानीय समस्याओं से डीईओ को अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित मामले, 2022 में हुए प्रधान पाठक पदोन्नति के अंतर की राशि, सर्विस बुक संधारण आदि शामिल हैं। जिस पर त्वरित निराकरण करने का आश्वासन डीईओ द्वारा दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने फेडरेशन के पदाधिकारी एवं शिक्षक साथियों के इस मुलाकात से हर्ष व्यक्त किया और शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के भविष्य सुधारने हेतु अच्छे प्रयास करने का सुझाव दिया। वहीं उन्होने फेडरेशन को आश्वस्त किया कि शिक्षक हित में उनकी हर समस्या का निराकरण यथासंभव किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर कार्यकारी जिला अध्यक्ष केशलाल साहू, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष धरमू कुर्रे, राजेंद्र शर्मा, हरीश धुर्वे, श्रीमती अर्चना तिवारी, श्रीमती रश्मि केशरवानी, श्रीमती सपना जॉय, श्रीमती पूर्णिमा कश्यप, हितेंद्र सोम, झुमुक लाल बंछोर, करन सिदार, मनोज तिवारी, महेश जायसवाल, मनोज कौशिक, संजय साहू, संजय धावड़े, टीकाराम सोनकर हेमदीप निषाद, साकेत सिंह राज, अनिल श्रीवास्तव, रामचंद साहू, विवेक तिवारी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का शुभारंभ प्रचार रथ को दिखाई गई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिलेभर में जनसंख्या नियंत्रण, छोटे परिवार की महत्ता और परिवार नियोजन के उपायों पर आधारित संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक अंशुल थुदगर, जिला अस्पताल सलाहकार श्री अरूण पवार, जिला प्रबंधक (प्रशिक्षण/मानव संसाधन), जिला सलाहकार (आयुष्मान भारत) असलम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तुर्रे ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है, जिसके कारण संसाधनों की कमी, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं से निपटने और लोगों में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से हर वर्ष 11 जुलाई से 18 जुलाई तक यह पखवाड़ा मनाया जाता है। पखवाड़े के दौरान जिले में सास-बहू सम्मेलन, पुरुष नसबंदी शिविर, गर्भनिरोधक साधनों जैसे आईयूसीडी, अंतरा इंजेक्शन, माला-एन और छाया टेबलेट्स के प्रचार-प्रसार सहित परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की मितानिनें और मैदानी अमला लक्षित दंपत्तियों के घर-घर जाकर छोटे परिवार के लाभ और जनसंख्या नियंत्रण के उपायों पर संवाद स्थापित करेंगे। डॉ. तुर्रे ने कहा कि संतुलित और समृद्ध समाज की स्थापना के लिए आवश्यक है कि जनसंख्या नियंत्रण के स्थायी और अस्थायी दोनों उपायों को अपनाया जाए। स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में हर वर्ग तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।




## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को मिला कैरियर मार्गदर्शन

**कवर्धा।** बालिकाओं के भविष्य निर्माण एवं कैरियर की दिशा तय करने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कैरियर गाइडेंस व काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कवर्धा एवं शासकीय राजमाता विजियाराजे सिंधिया महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक विशेषज्ञों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को सफलता की राह में मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपर कलेक्टर मुकेश कुमार रावटे ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास एवं अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में कठिनाइयाँ जरूर आएँगी, लेकिन निरंतरता बनाए रखना ही असली सफलता है। उन्होंने बालिकाओं से रुचियों को जीवित रखने और अच्छे शौक को विकसित करने की भी प्रेरणा दी। अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ो ने कहा कि बालिकाओं को सबसे पहले अपने जीवन के लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए और लक्ष्य प्राप्ति तक सतत प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हुए कड़ी मेहनत और धैर्य को सफलता का मूल मंत्र बताया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री चंचल यादव ने छात्राओं को हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी तथा स्नातक के बाद उपलब्ध शैक्षणिक व व्यावसायिक अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा, टाइम मैनेजमेंट एवं विषय चयन के संबंध में व्यावहारिक जानकारी साझा की। कार्यक्रम में प्रमोद शुक्ला, ओपी गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव, अजय चंद्रवंशी, दुर्गेश पांडे, सुनील साहू एवं उमेश पाठक सहित अनेक विषय विशेषज्ञों द्वारा बोर्ड परीक्षा की तैयारी, प्रतियोगी परीक्षाओं के स्वरूप, शिक्षा नीति, तकनीकी प्रशिक्षण, स्पेशल एजुकेशन और बालिकाओं के अधिकारों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

**स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2023-24 में 281 वां रैंक अब मिला 138 वां रैंक, अब ओडीएफ प्लस-प्लस**

# स्वच्छता रैंकिंग में नगर पंचायत पिपरिया का बढ़ा रैंकः साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 अंतर्गत रेड्युल, रिसायकल, रियूम थीम के तहत नगर पंचायत पिपरिया राष्ट्रीय रैंक में 138 वां रैंक मिला है, जिसमें जीएफसी में 1 स्टार, ओडीएफ प्लस-प्लस सर्टिफिकेशन प्राप्त हुए हैं। जो पूर्ववर्ती स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2023-24 में 281 वां रैंक में थे। जो वर्तमान वर्ष में 138 वां रैंक हासिल कर अग्रिम पंक्ति में है। तथा भविष्य में और अच्छे रैंक के लिए निकाय द्वारा भरपूर प्रयास किया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवाराम साहू ने इस उपलब्धि में कहा कि नगर पंचायत पिपरिया को सभी नगरवासियों-जनप्रतिनिधियों के अलावा निकाय के अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा मिलकर स्वच्छ शहर स्वस्थ शहर बनाने में विशेष भूमिका अदा करें। ताकि जिला/निकाय का नाम राज्य पटल पर प्रकाशमय हो सके। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए निकाय में पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उप अभियंता, पीआईयू, सफाई दरोगा के अलावा स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कमांडों के साथ साथ नगरवासियो/पूर्व/वर्तमान जनप्रतिनिधियों, निकायों में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर नगर पंचायत पिपरिया के उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले वक्त में नगर पंचायत पिपरिया और कैसे विकास करने के साथ साथ स्वच्छता को आगे बढ़ाया जाये। इस पर ध्यान देना आवश्यक होगा। पूर्ववर्ती वर्ष से वर्तमान वर्ष में रैंकिंग में सुधार होने के अलावा 138 वां रैंक मिलने पर नगर पंचायत पिपरिया के अध्यक्ष घुरूवाराम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल के अलावा निकाय के जनप्रतिनिधियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।




# जिले में 16 केन्द्रों में होगी व्यापम की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई 2025 रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। कबीरधाम जिले में परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 5,279 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। परीक्षा की सुचारु और पारदर्शी तरीके से सम्पन्नता के लिए पुलिस नोडल अधिकारी के रूप में कृष्णा कुमार चन्द्राकर को नियुक्त किया गया है। व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्रों पर कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने व्यापम की सभी परीक्षाओं के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। इसमें पीजी कॉलेज कवर्धा, शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा, संत कबीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गावती चौक, शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बस स्टैण्ड, स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर स्कूल कवर्धा, शासकीय नवीन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कचहरीपारा कवर्धा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शक्ति वार्ड कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा, होली क्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल भोरमदेव रोड कवर्धा, होली किंगडम इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल तारों लालपुरकला राजमहल परिसर कवर्धा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैरबनाकला, अशोका पब्लिक स्कूल छिरहा, रायपुर रोड कवर्धा, श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिरकोना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल पिपरिया, सरस्वती शिशु मंदिर राजनांदगांव रोड कवर्धा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।